
पेज -3 पर
प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव का हुआ भव्य स्वागत...

नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 310 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 2 ₹ ◆ पृष्ठ : 4

धरमजयगढ़, शनिवार 17 सितंबर 2022

ग्लोबल ब्रिलियंस अवार्ड के लिए डॉ. किशन टण्डन क्रान्ति का हुआ ...
पेज -4 पर


JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in


मुख्यमंत्री भूपेश केरल के कोल्लम पहुंचे

## राहुल गांधी के साथ 12 किमी यात्रा में शामिल हुए सीएम बघेल

### समुद्र किनारे नींदकरा में होगी श्रमिकों-नेताओं से बात

**रायपुर।** एक दिन के आराम के बाद शुक्रवार सुबह 6?45 बजे कोल्लम से फिर शुरू हो गई है। इस यात्रा में आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी शामिल है। 12.5 किलोमीटर चलने के बाद यात्रा समुद्र के किनारे नींदकरा में रुकेगी। दोपहर में काजू श्रमिकों, काजू उद्यमियों, ट्रेड यूनियन और ऋस्क्र तथा फॉरवर्ड ब्लॉक के नेताओं के साथ बातचीत होगी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल यात्रा में शामिल होने के लिए गुरुवार शाम को रायपुर से केरल के त्रिवेंद्रम के लिए रवाना हो गए थे। वहां से सड़क मार्ग से कोल्लम पहुंचे। तय कार्यक्रम के मुताबिक यात्रा कोल्लम के पोलायथोडु जंक्शन से आगे बढ़ी। विभिन्न पड़ावों से होते हुए करीब 11 बजे यह पदयात्रा शिवम बीच रिसॉर्ट पहुंचेगी। वहां करीब एक-डेढ़ घंटा बिताने के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल त्रिवेंद्रम हवाई अड्?डे के लिए रवाना हो जाएंगे। यह शहर वहां से 55-60 किमी की दूरी पर है। त्रिवेंद्रम से मुख्यमंत्री हवाई जहाज से रायपुर के स्वामी विवेकानंद हवाई अड्?डे आएंगे। यहां उनके आने का संभावित समय 4.45 बताया जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पदयात्रा की शुरुआत के दिन सात सितम्बर को कन्याकुमारी गए थे। 8 सितम्बर को पदयात्रियों ने कन्याकुमारी से प्रस्थान किया था। मुख्यमंत्री पूरे दिन यात्रा का हिस्सा रहे। बाद में वे रायपुर लौट आए थे। अगले दिन उन्होंने प्रदेश में दो नए जिलों का औपचारिक उद्घाटन किया था।



### कन्याकुमार से श्रीनगर तक की यात्रा

तमिलनाडु के कन्याकुमारी से शुरू हुई भारत जोड़ो यात्रा 11 सितम्बर को केरल की सीमा में पहुंची। यह त्रिवेंद्रम, कोच्चि होते हुए 30 सितम्बर को कर्नाटक पहुंचेगी। यहां से मैसुरु, बेल्लारी होते हुए यात्रा आंध्र प्रदेश जाएगी। वहां से महाराष्ट्र के नांदेड़, जलगांव होते हुए मध्य प्रदेश में दाखिल होगी। उसके बाद इंदौर से होते हुए राजस्थान के कोटा, दौसा, अलवर में यात्रा पहुंच जाएगी। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर होते हुए दिल्ली, वहां से अम्बाला, पठानकोट और जम्मू होते हुए राहुल गांधी श्रीनगर पहुंचेंगे।

## युवा जीवन में अपने लक्ष्य निर्धारित करें और लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम का संकल्प लें: राज्यपाल

*राज्यपाल भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा आयोजित युवा उत्सव कार्यक्रम में हुई शामिल*





**रायपुर।** युवा अपना लक्ष्य निर्धारित करें और लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम का संकल्प लें। इसी संकल्प से आप सफल होंगे और राष्ट्र के विकास में अपना योगदान दे पाएंगे। उक्त उद्गार राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने आज भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, रायपुर में आयोजित युवा उत्सव कार्यक्रम में व्यक्त किए। भारतीय उद्योग परिसंघ के रायपुर वाय.आई. चेप्टर द्वारा युवा उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें देश एवं प्रदेश के प्रमुख उद्यमी/उद्योगपति, विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों के युवा विद्यार्थी शामिल हुए। इस दौरान राज्यपाल सुश्री उइके ने भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा विभिन्न मानकों के आधार पर चयनित किए गए औद्योगिक ईकाईयों तथा परिसंघ के विशिष्ट सदस्यों को पुरस्कार प्रदान किए। राज्यपाल सुश्री उइके ने उपस्थित युवा विद्यार्थियों से कहा कि आपको अपने जीवन का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम का संकल्प लेना होगा। तभी आप अपना लक्ष्य प्राप्त कर देश निर्माण में अपनी भूमिका निभा पाएंगे। राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि बतौर कुलाधिपति मैंने युवाओं के कैरियर मार्गदर्शन तथा काउंसलिंग के लिए विश्वविद्यालयों को निर्देशित भी किया है, ताकि युवा अपनी रूचि के अनुरूप अपना क्षेत्र का चुनाव कर पाएं। राज्यपाल ने आगे कहा कि भारत की विकास यात्रा में भारतीय उद्योग परिसंघ पिछले 125 वर्षों से जुटा हुआ है। एक संस्थान के लिए यह अत्यंत गौरव की बात है। परिसंघ राष्ट्र के विकास में भारतीय उद्योगों की सक्रियता और योगदान को बढ़ाने और उन्हें जोड़ने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि नीतिगत मुद्दों पर भी उद्योग परिसंघ सरकार के साथ मिलकर काम करता है और इन मुद्दों पर संवाद के माध्यम से आम सहमति बनाने के लिए मंच प्रदान करता है।

राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा आत्मनिर्भर





### एक नजर

### मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को विश्वकर्मा जयंती की दी शुभकामनाएं



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भगवान विश्वकर्मा की जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। विश्वकर्मा पूजा की पूर्व संध्या पर राज्य के सभी श्रमवीरों को हार्दिक बधाई देते हुए श्री बघेल ने कहा है कि गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के संकल्प को पूरा करने में राज्य के श्रमवीर सार्थक भागीदारी निभा रहे हैं। उन्होंने कहा है कि विश्वकर्मा जयंती का दिन हमें श्रम के लिए संकल्पित होने की प्रेरणा देता है। भगवान विश्वकर्मा निर्माण और सृजन के देवता हैं। संसार के प्रथम वास्तुकार की संज्ञा भी उन्हें दी गई है। श्रम से सृजन की सार्थकता को विश्वकर्मा जी ने ही समाज में स्थापित किया। विश्वकर्मा जी की कुशल तकनीकी, कौशल और श्रमशीलता प्रेरणादायी है।

## लावाकेरा बेरियर में अवैध वसूली का समाचार बनाने गये पत्रकार के साथ मारपीट

लूट ली मोबाईल,कैमरा तो अधिकारी ने पत्रकार पर लगाई अवैध वासूली का आरोप

जोहार छत्तीसगढ़- कुनकुरी।

जशपुर जिले के लवाकेरा ग्राम जो कि उड़ीसा और छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा रेखा पर बेरियर लगा है यह आरटीओ बेरियर है यहां से सकड़ों गाड़ियां का आना जाना लगा रहता है।

इसी रास्ते से तस्करी की घटना को अंजाम दिया जाता है कह सकते हैं कि इसी रास्ते से साधु और सैतान दोनों का आना जाना लगा रहता है। इसी बेरियर पर पत्रकार के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया जाता है। मामला है 13 सितम्बर की शाम का है लवाकेरा बेरियर में हमेशा की तरह आरटीओ विभाग के कर्मचारी और अधिकारी अपने काम में लगे हुए थे उसी समय जी न्यूज के पत्रकार संजीत यादव बेरियर का समाचार बनाने के उदेश्य से अपने काम को अंजाम दे रहा था। संजीत यादव को जानकारी मिली थी। कि इस बेरियर में अवैध वसूली का खेल खेला जाता है संजीत यादव ने अवैध वसूली को लेकर बेरियर के कर्मचारी से कुछ सवाल पूछे। बेरियर कर्मचारियों ने पत्रकार पर आरोप लगा रहे हैं कि सवाल जबाब के बीच में कुछ पैसे की मांग करने लगा।




इनकी बातों में कितनी सत्यता है ये जांच का विषय है जांच होने के बाद ही पता चलेगा कि जनाब कितना सत्य बोल रहे हैं। हमे इनकी बात सुनकर घटना की सत्यता पर अब भी संदेह है। मामला अवैध वसूली से जुड़ा था चाहे वह संजीत यादव द्वारा किया जा रहा था या फिर आरटीओ बेरियर के कर्मचारी द्वारा वसूली की बात पर ही इतनी बड़ी घटना घटी है। मामले पर दोनों पक्षों द्वारा तपकरा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। थाने में आरटीओ अधिकारी द्वारा शिकायत में शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने की बात कही गई है जातिगत गाली देने की बात कही गई है और संजीत यादव द्वारा अपने साथ मारपीट एवं मोबाईल, कैमरा का लूट लेने की बात कही गई। सच्चाई क्या है ये तो जांच के उपरांत ही पता चलेगा कि लवाकेरा बेरियर के कर्मचारी द्वारा अवैध वसूली किया जा रहा था। वहीं संसदीय सचिव यूडी मिंज ने लावाकेरा बेरियर में पत्रकार से मारपीट लूटपाट करने वालों पर जांच कर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं।

## टीएस सिंहदेव बोले-किसी भी सूरत में बीजेपी में नहीं जाऊंगा

प्रोटोकॉल के कारण भारत जोड़ो यात्रा में नहीं गया; कांग्रेस में कोई कलह नहीं



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा है कि किसी भी सूरत में मैं BJP में शामिल नहीं होऊंगा। जब मैंने पंचायत मंत्री के पद से इस्तीफा दिया और कॉपी को सार्वजनिक किया था तो मेरे भी कान पकड़े गए थे। BJP में हो रहे फेरबदल को लेकर कहा कि, हमें खुद के घर की चिंता करनी चाहिए। कांग्रेस पार्टी में चल रही अंतर्कलह के सवाल पर कहा कि ऐसा कुछ भी नहीं है। यदि अंदर कुछ है तो ऐसा होना नहीं चाहिए। टीएस सिंहदेव दो दिवसीय बस्तर दौरे पर हैं। एक दिन पहले उन्होंने बस्तर वासियों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में 12 करोड़ 66 लाख के विकास कार्यों की सौगात दी थी।

## चिराग परियोजना की सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

रायपुर। मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में चिराग परियोजना की सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में चिराग परियोजना की वार्षिक कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।



बैठक में कृषि विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह मौजूद थे। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चिराग परियोजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगो की आजीविका के लिए ज्यादा से ज्यादा कार्यों को शामिल करें। उन्होंने पाम आईल उत्पादन के लिए संभावनाओं की तलाश करने कहा है। बैठक में चिराग परियोजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में स्थानीय आजीविका के माध्यम से खाद्य सुरक्षा हासिल करने एवं स्थानीय जैव विविधता के पोषक तत्वों को पोषण में शामिल करने तथा कृषि उत्पादों को स्थानीय बाजार में मार्केटिंग के संबंध में सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में चिराग परियोजना की संचालक श्रीमती चंदन त्रिपाठी सहित कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं सलाहकार समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।

**आंगनबाडी..** छत्तीसगढ़ के नवाचारों को कर्नाटक में लागू करने कार्यवाही करेगी टीम

## छत्तीसगढ़ के आंगनबाड़ी केन्द्रों की सुविधाओं को सराहा

रायपुर। कर्नाटक राज्य की टीम गुरूवार को छत्तीसगढ़ के आंगनबाड़ी केन्द्रों में संचालित प्रारंभिक बाल्यावस्था देखरेख एवं शिक्षा (ईसीसीई) सहित विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन करने पहुंची।



टीम ने टाटा ट्रस्ट, यूनिसेफ एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से दुर्ग जिले के ग्राम मोहलई के आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्र और ग्राम कोटनी के आंगनबाड़ी सहित गौठान का अवलोकन किया। टीम ने ईसीसीई गतिविधियों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ में लागू नवाचारों मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, सुपोषण वाटिकाओं, गौठानों एवं सामुदायिक सहयोग को सराहा और कर्नाटक राज्य में भी इन्हें लागू करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने की बात कही।

टीम में कर्नाटक राज्य के 02 परियोजना अधिकारी, टाटा ट्रस्ट एवं यूनिसेफ के सेंटर फॉर लर्निंग रिसोर्सेस के प्रतिनिधि सम्मिलित थे। टीम का प्रतिनिधित्व कर्नाटक राज्य महिला एवं बाल विकास विभाग के उपसंचालक श्री प्रभाकर कर रहे थे। टीम ने स्थानीय भ्रमण भी किया और हितग्राहियों से बातचीत कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। इसके बाद टीम के सदस्यों द्वारा द्वारा पावर प्वाईंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिले में संचालित में विभिन्न गतिविधियों को विस्तार से जाना। टीम ने सर्वप्रथम ग्राम मोहलई में संचालित आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्र का अवलोकन किया। यहां उन्होंने बच्चों को दिए जा रहे नाश्ता एवं पौष्टिक आहार के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा बच्चों को कराई जा रही ईसीसीई गतिविधियों को देखा। इस दौरान उन्हें बच्चों ने रोचक तरीके से कविताएं एवं बालगीत सुनाया। टीम के सदस्यों ने स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सामग्रियों से निर्मित छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का भी स्वाद लिया। उन्होंने आंगनबाड़ी परिसर में जनसहयोग से निर्मित सुपोषण वाटिका भी देखी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने उन्हें बताया कि बाड़ी में लगी सब्जियों एवं फलों का उपयोग केन्द्र के बच्चों तथा माताओं के लिए किया जाता है। स्थानीय गौठान से प्रतिदिन बच्चों के लिए दूध की आपूर्ति भी नि:शुल्क की जाती है।

भाजपा का सेवा पखवाड़ा आज से

## दिव्यांगों को कृत्रिम पैर उपलब्ध करवाने 19 को पंजीयन शिविर

**दुर्ग।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को जिला भाजपा सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएगी। जिसके अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पूरे 16 दिन भाजपा कार्यकर्ता विभिन्न समाजसेवी कार्यो को अंजाम देंगे। इन सेवाभावी कार्यों के लिए भाजपा द्वारा विभिन्न मंडल, मोर्चा और प्रकोष्ठो को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सेवा पखवाड़ा के तहत 19 सितंबर को जिला भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ,व्यापारी प्रकोष्ठ और व्यवसायिक प्रकोष्ठ के संयुक्त बैनरतले दिव्यांगो को जयपुर कृत्रिम पैर नि:शुल्क उपलब्ध करवाने जिला भाजपा कार्यालय में प्रात: 11 बजे से शाम 5 बजे तक पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया है।




शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों और टेक्निशियनो द्वारा दिव्यांगों की जांच कर उन्हें जयपुर कृत्रिम पैर के लिए पंजीकृत किया जाएगा। तत्पश्चात दिव्यांगो को रायपुर में कृत्रिम पैर प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा सेवा पखवाड़ा में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान व अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।यह बातें जयपुर कृत्रिम पैर शिविर कार्यक्रम प्रभारी कांतिलाल बोथरा, सह- प्रभारी विनायक नातू, शिव चंद्राकर, अनूप गटागट, सतविंदर सिंह ने शुक्रवार को मीडिया से संयुक्त चर्चा में कही।

